संख्या- 299 /2024/ 2297 /चार-2024-1735135

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव,
   माध्यमिक शिक्षा विभाग/गृह विभाग/ वन विभाग/ उच्च शिक्षा विभाग / बेसिक शिक्षा विभाग/ पर्यटन विभाग/ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त,
   उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः **लखनऊः दिनांक 09 अगस्त, 2024**

विषय- **''काकोरी ट्रेन एक्शन''** की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर **''काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव''**के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यकता हेतु क्रियान्वयन किया गया था। योजना को मूर्त रूप देने हेतु क्रांतिकारियों द्वारा शाहजहांपुर में बैठक आहूत की गई और इस बैठक में शहीद राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार से खजाना प्राप्त करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त, 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर 'आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन' को चेन खींच कर रोका। क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर धावा बोलकर अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया। इस घटना में क्रांतिकारियों द्वारा रूपये 4679-1-6 की धनराशि का खजाना प्राप्त किया था।

2. **''काकोरी ट्रेन एक्शन''** की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर **''काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव''** का आयोजन 09 अगस्त, 2024 से 09 अगस्त, 2025 तक किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी रूपरेखा निम्नवत् है :-

(1) दिनांक 9-15 अगस्त 2024 काकोरी ट्रेन एक्शन सप्ताह

- दिनांक 09 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक विस्तृत कार्यक्रम कराये जायें। सभी कार्यक्रम एक ही दिन न हो कर अलग-अलग दिवसों में अलग-अलग प्रकृति के कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उक्त के पश्चात् वर्ष भर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जाये।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

- इस अवसर पर शहीद स्मारकों पर पुष्पांजलि एवं पुलिस/पी०एस०सी०/ होमगार्ड/ अर्द्धसैनिक/सैनिक बलों के बैण्ड का वादन हो। यदि उस जनपद में उक्त बैण्ड उपलब्ध न हो तो एन०सी०सी०/विद्यालयों के बैण्ड की प्रस्तुति की जाये।
- लखनऊ एवं शाहजहांपुर में आयोजित हो रहे शहीद मेले में **उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पादों** की ही बिक्री की जाये। **विदेशी उत्पादों** की बिक्री नहीं की जाये।
- लखनऊ एवं शाहजहांपुर में आयोजित होने वाले शहीद मेले में **पुस्तक मेले** का आयोजन किया जाये जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को विद्यालयों के माध्यम से क्रमानुसार विभिन्न तिथियों में भ्रमण हेतु लाया जाये।
- बच्चों के आने जाने की **निःशुल्क व्यवस्था** कराई जाये तथा खाने एवं पानी की व्यवस्था विद्यालय स्वयं करायें।
- इस अवसर पर **कवि सम्मेलन** का आयोजन किया जाये जिसमें अनिवार्य रूप से राष्ट्रभक्ति की कविताओं का ही पाठ हो।

(2) दिनांक 13-15 अगस्त, 2024 हर घर तिरंगा अभियान

- दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2024 तक **'हर घर तिरंगा अभियान'** का आयोजन किया जाये इस हेतु नागरिकों को झण्डा खरीदने के लिये प्रेरित किया जाये।
- विभिन्न संस्थाओं/संगठनों के सहयोग से झण्डा वितरण कराया जाये। झण्डे की दर **रियायती** रखा जाये।
- इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस / पी०ए०सी / मिलेट्री/ पैरा मिलेट्री / एन०सी०सी / स्कूल बैण्ड वादन किया जाये।
- विभिन्न विभाग 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता आंदोलन की घटनाओं पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषा में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करें। निबन्ध अधिकतम 1000 शब्दों का हो।

(3) दिनांक 14 अगस्त, 2024 काकोरी ट्रेन एक्शन डे

- दिनांक 14 अगस्त, 2024 को 'विभाजन विभीषिका दिवस' का आयोजन किया जाये।

(4) दिनांक 15 अगस्त, 2024 स्वतंत्रता दिवस

- दिनांक 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाये।
- इस अवसर पर जिले में विभिन्न विधाओं से संबंधित सर्वोच्च लोगों को सम्मानित किया जाये एवं उनको काकोरी स्मारक का भ्रमण भी कराया जाये।

(5) दिनांक 02 अक्टूबर, 2024 गांधी जयंती

- 02 अक्टूबर, 2024 को महात्मा गांधी जी/लाल बहादुर शास्त्री एवं स्वाधीनता संग्राम के नायकों की वेश-भूषा में 100 बालकों की लखनऊ में गांधी प्रतिमा से विधान भवन तक रैली करायी जाये।
- खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन किया जाए।

(6) दिनांक 31 अक्टूबर 2024 सरदार वल्लभ भई पटेल जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस'

- विशाल राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया जाए।
- युवा कल्याण एवं खेल विभाग द्वारा ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाए।
- कार्यक्रम में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक कार्यक्रम कराया जाये।

(7) दिनांक 19 नवम्बर 2024 रानी लक्ष्मी बाई जन्म दिवस

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

- शौर्य पर्व का आयोजन किया जाए।
- महिला कल्याण विभाग द्वारा वीरांगना सम्मान प्रदान किया जाए।
- मिशन शक्ति, विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाए।

(8) 26 नवम्बर 2024 संविधान दिवस

- विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाए।
- हमारा गणतंत्र - अभिलेख प्रदर्शनी लगायी जाए।
- बृहद ड्रोन शो का आयोजन किया जाए।

(9) दिनांक 19 दिसंबर 2024 काकोरी बलिदान दिवस

- शाहजहांपुर, लखनऊ, अयोध्या, गोण्डा, गोरखपुर में काकोरी पर आधारित महानाटक का मंचन का आयोजन किया जाए।
- काकोरी शहीदों के बलिदान दिवस पर गोरखपुर, गोण्डा, अयोध्या, प्रयागराज में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें, क्योंकि ये स्थान काकोरी शहीदों के बलिदान से जुड़े हुए हैं।
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित महानाटक 'काकोरी गाथा' 45 से 60 मिनट की अवधि का तैयार किया जाये। नाटक के संवाद परिकल्पना एवं दृश्य आदि प्रभावी हों। इस हेतु विशेषज्ञों की सेवायें प्राप्त की जायें।

(10) दिनांक 25 दिसंबर 2024 सुशासन दिवस/अटल जयंती

- लखनऊ एवं बटेश्वर (आगरा) में राष्ट्रभक्ति का कवि सम्मेलन, प्रदर्शनी, किसान मेला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

(11) दिनांक 12 जनवरी 2025 राष्ट्रीय युवा दिवस

- युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य युवा महोत्सव का आयोजन समस्त जनपदों में 100-100 युवक मंगल दल/महिला मंगल दल सदस्यों की साइकिल रैली आयोजित की जाए।

(12) दिनांक 24 जनवरी 2025 उत्तर प्रदेश दिवस

- उत्तर प्रदेश के लोकनृत्यों का विश्वरिकॉर्ड क़ायम करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए।
- प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रदर्शनी / महोत्सव का आयोजन किया जाए।

(13) दिनांक 23 मार्च 2025 शहीदी दिवस

- 'रंग दे बसंती' : 100 कथक कलाकारों की राष्ट्र भक्तिपूर्ण प्रस्तुति करायी जाए।
- शहीद भगत सिंह पर नाट्य प्रस्तुति करायी जाए।

(14) दिनांक 19 जुलाई 2025 मंगल पाण्डे जयंती

- शहीद मंगल पाण्डे जी की जयंती पर 100 कलाकारों का आज़ादी पर सामूहिक बिरहा गायन का आयोजन किया जाए।
- 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित 100 चित्रकारों द्वारा रेखांकन कराया जाए।
- सभी विद्यालयों/शहीदों को नमन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

(15) दिनांक 26 जुलाई 2025 कारगिल विजय दिवस

- प्रदेश के समस्त शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए।
- श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जाए।
- चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाए।

(16) दिनांक 09 अगस्त 2025 काकोरी दिवस

- काकोरी शताब्दी समारोह का समापन के अवसर पर बृहद आयोजन किया जाए।

(17) विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही

(क) बेसिक शिक्षा विभाग

- बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया जाये जो लगभग आधा किमी० की हो।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

- प्रभात फेरी के पश्चात् बच्चों को डेढ़ से दो पेज का आलेख पढ़कर सुनाया जाये एवं उसके पश्चात् मिष्ठान वितरण किया जाये।
- बच्चों की सुलेख प्रतियोगिता भी कराई जाये।

(ख) माध्यमिक शिक्षा विभाग

- सभी बोर्ड यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई एवं संस्कृत विद्यालयों में आयोजन किया जाए।
- स्वतंत्रता आंदोलन विषयक अधिकतम 1000 शब्दों की निबंध की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाए।
- पहले चरण में जनपद स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें काकोरी एक्शन प्लान क्या था और देश की आजादी में उसका क्या योगदान था, आदि से संबंधित विषय रखा जाये।
- 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम पर सरल भाषा में छोटी पुस्तिका प्रकाशित कर विद्यालयों में वितरण कराया जाए।
- उक्त पुस्तिका में संचित स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित जानकारी के आधार पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये।
- **प्रथम चरण** में जनपद स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन हो, जिनके विजेताओं को दिनांक 15 अगस्त, 2024 के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाये।
- **द्वितीय चरण** राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन हो, जिनके विजेताओं को आगामी उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाये।
- इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाये जिसमें विभिन्न जनपदों में शहीद एवं वीरांगनाओं के चित्र से संबंधित विषय रखे जायें।

(ग) उच्च शिक्षा विभाग

- वाद-विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाये जिसमें विषय पहले से निर्धारित हो।

(घ) चिकित्सा शिक्षा विभाग

- विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाये।

(ड.) तकनीकी शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा विभाग

- काकोरी ट्रेन एक्शन प्लान एवं 1857 की लड़ाई से संबंधित घटनाओं का प्रदर्शन नई तकनीकी के आधार पर किया जाय।

(च) नगर विकास विभाग

- नगरीय क्षेत्रों में विशेष रूप से शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों, के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाये एवं उपरोक्त समस्त कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से कराये जाये।

(छ) पंचायती राज विभाग

- समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों, के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाये एवं उपरोक्त समस्त कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से कराये जाये।
- 15 अगस्त पर अमृत सरोवर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाये और जहां अमृत सरोवर नहीं हैं, वहां पंचायत सचिवालय में किया जाये।

(ज) अल्पसंख्यक विभाग

- इस अवसर पर प्रदेश के सभी मदरसों में तिरंगा ध्वज फहराया जाये एवं राष्ट्रगान का गायन हो।

(झ) खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग

- विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की अभी से तैयारी प्रारम्भ की जाये।

(ट) कृषि एवं कृषि शिक्षा विभाग

- कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कृषकों को कृषि चर्चा पर आमंत्रित किया जाये।
- किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों को झण्डा खरीदने के लिये प्रेरित किया जाये।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

- मंडी समितियों में स्वच्छता अभियान चलाया जाये।
- राष्ट्रभक्ति के गीत बजाये जायें।
- नगर विकास विभाग की भांति डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाये जायें।

(ठ) गृह विभाग

- गृह विभाग सुनिश्चित करे कि दिनांक 14 एवं 15 अगस्त, 2024 को समस्त शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों पर पुलिस/पी०एस०सी०/होमगार्ड/अर्द्धसैनिक/सैनिक बलों के बैण्ड का वादन हो। यदि उस जनपद में उक्त बैण्ड उपलब्ध न हों तो एन०सी०सी०/विद्यालयों के बैण्ड की प्रस्तुति की जाये। इस हेतु बैण्ड वादकों का पूर्वाभ्यास अभी से प्रारम्भ कर दिया जाये।

आयोजन की रूप रेखा/ विषयवस्तु

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-

- काकोरी ट्रेन एक्शन, मैनपुरी षडयंत्र केस, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थानों एवं आजादी के ज्ञात एवं अज्ञात नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

चित्रकला / पेंटिंग प्रतियोगिता-

- किशोर एवं युवावर्ग हेतु चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।
- 1857 की क्रांति के स्थानीय नायक, स्थानीय घटनाओं पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।
- काकोरी के नायक एवं घटनाएं तथा 1857 से 1947 तक के क्रांतिकारियों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।
- उत्कृष्ट एवं पुरस्कृत कृतियों को विभिन्न स्मारकों, सभागारों, जिलाधिकारी एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में लगाया जायेगा।

सुलेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता-

- बच्चों एवं युवाओं में भाषा सुधार एवं लेखन में अभिरूचि एवं विकास के प्रोत्साहन हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।
- 05 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिये सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की जाए।
- किशोरवय बच्चों के लिये निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।
- प्रतियोगिताओं का विषय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों/ विभिन्न घटनाएं एवं स्थलों पर आधारित हो।

भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता-

- काकोरी ट्रेन एक्शन के प्रेरणादायी घटनाक्रम एवं काकोरी के नायकों पर आधारित भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ उच्च शिक्षा संस्थान स्तर पर कराया जाए।

पुरस्कार

- विजेताओं को निम्नवत् 15 अगस्त के कार्यक्रम में नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा, एवं फ्रेम किए हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे

क्र0	पुरस्कार	जनपद स्तर (पुरस्कार राशि)	राज्य स्तर (पुरस्कार राशि)
1	प्रथम पुरस्कार	रू0 10,000.00	रू0 51,000.00
2	द्वितीय पुरस्कार	रू0 7500.00	रू0 21,000.00
3	तृतीय पुरस्कार	रू0 5000.00	रू0 11,000.00
4	सांत्वना पुरस्कार (सात)	रू0 1000.00 (प्रति)	रू0 5000.00 (प्रति)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<u>प्रभात फेरियां-</u>

- समस्त शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा आजादी के नायकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जायेगी।
- राष्ट्र भक्ति के गाने भी गाये जायेंगे।
- प्रभात फेरी की दूरी लगभग 0.5 किमी0 से 1.0 किमी0 तक हो।
- नागरिक सुरक्षा संगठन एवं पुलिस के द्वारा सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे।

<u>'काकोरी ट्रेन एक्शन' के घटनाक्रम से अवगत कराया जाना-</u>

- समस्त शैक्षणिक संस्थानों में प्रार्थना सभा के समय काकोरी ट्रेन एक्शन एवं उसके नायकों/ विभिन्न घटनाओं का वृतांत पढ़ कर सुनाया जाए।
- समस्त शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों, अमृत वाटिकाओं पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित नागरिकों को भी 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के वृतांत को पढ़कर सुनाया जाए।
- संक्षिप्त लिखित वृतांत जिलाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

<u>सेवा समर्पण-</u>

- विभिन्न नागरिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जन सहभागिता के माध्यम से मानवता के प्रति सेवा धर्म एवं समर्पण विकसित किये जाने हेतु रक्तदान शिविरआदि का आयोजन किया जाए।
- जन सहयोग से अस्पतालों में फल वितरण भी किया जायेगा।

<u>स्वच्छता अभियान-</u>

- समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में एवं विशेष रूप से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवरों आदि पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए।

<u>पौधारोपण-</u>

- प्रदेश के समस्त शहीद स्मारकों / अमृत सरोवरों / अमृत वाटिकाओं पर 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम आयोजित करते हुए शहीद स्मृति उपवन की स्थापना की जाए।
- न्यूनतम 100 पौधों का रोपण किया जायेगा।

<u>राष्ट्र धुन एवं ब्रास बैण्ड का वादन-</u>

- दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2024 के मध्य में प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों/ स्मारकों पर राष्ट्र धुन एवं राष्ट्रभक्ति के गीत बजाये जायेंगे।
- अर्द्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/ पुलिस / पी०ए०सी०/ होमगार्ड / स्काउट गाइड के बैण्ड / एन०सी०सी०/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों / माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बैण्ड का राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन किया जायेगा।
- प्रतिभागी सभी बैण्ड वादन समूह को रू0 10,000.00 की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में '**काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव**'के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त जन सहयोग के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रमों का गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित किया जाये।

भवदीय,
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
6. निदेशक, संस्कृति/ सूचना एवं जनसम्पर्क/ बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/ उच्च शिक्षा /पर्यटन।
7. प्रबंधक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रवीन्द्र कुमार-।
विशेष सचिव

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।